150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर (राज)

वेबसाईट: www.shekhauni.ac.in ई-मेल: reg.shekhauni@gmail.com दूरभाष नं.: 01572232411

क्रमांक : 19942 दिनांक 03/05/2021

अपील

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविधालय, सीकर सम्पूर्ण प्रदेश में फैली भयावह कोरोना महामारी में कोविड मरीजों की मदद के लिये विश्वविधालय से संबद्धता प्राप्त समस्त महाविधालयो की प्रबंध समितियों के अध्यक्षों एवं सचिवों से अपील करता है कि संकट की इस घड़ी में मानव सेवा के इस कार्य में आगे आकर अपनी सार्थक भुमिका का निर्वहन करे। इस सबंध में माननीय उच्च शिक्षा मंत्री श्री भंवर सिंह भाटी भी प्रदेश के विश्वविधालयो एवं महाविधालयो से अपील कर चुके है कि वे कोविड पीड़ितों की आर्थिक मदद करने के लिये आगे आये।

विश्वविधालय समस्त संबद्धता प्राप्त महविधालयो से निवेदन है कि जिन विधार्थियो ने अपने अभिभावक इस महामारी मे खोये है उनका किसी भी रूप में सहयोग करे। प्रदेश में कोविड मरीजों की संख्या लगातार बढ रही है। महाविधालयो की छुट्टीयाँ घोषित हो चुकी है। अत: समस्त महाविधालय जरुरत पड़ने पर प्रशासन को अपने शैक्षणिक भवन भी उपलब्ध करवा सकते है ताकि आवश्यक्ता पड़ने पर प्रशासन के द्वारा कोविड केयर सेन्टर के रूप में काम लिया जा सके।

समस्त महाविधालय कोविड पीड़ितों के लिये उपकरण, ऑक्सीजन हेतु आर्थिक सहयोग एवं संसाधनों की आपूर्ति कर भी मदद कर सकते है। महाविधालय मास्क एवं सेनेटाईजर का वितरण कर कोविड को हराने में सहयोग करे। एन.सी.सी., एन.एस.एस., स्काउट एवं गाइड के स्वयं सेवकों एवं सोशल मिडिया द्वारा भी राज्य सरकार की कोविड गाइडलाइन के अनुसार जागरूकता अभियान से सहयोग किया जा सकता है।

Scanned with CamScanner

अत: इस विश्वविधालय से संबद्धता प्राप्त समस्त महविधालयो से अपील की जाती है कि वे कोरोना पीड़ितों एवं कोविड काल में प्रभावित नागरिकों को यथासम्भव सहयोग किसी न किसी रूप में प्रदान कर इस वैश्विक महामारी से मुकाबला करने में अपना सामाजिक धर्म निभावे एवं जितना सहयोग जरूरतमंद नागरिकों का कर सके उतना करने का प्रयास करे।

कुलसचिव

क्रमांक : 19943-44

दिनांक 03/05/2021

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्य हेतु प्रेषित है

1. कुलपति सचिवालय, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविधालय, सीकर।
2. समस्त प्राचार्य राजकीय / निजी महाविधालय, सीकर / झुंझुनु।
3. रक्षित पत्रावली

कुलसचिव

Scanned with CamScanner